हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक : 308 : जौनपुर, बुधवार 09 अगस्त 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य : 2 रूपया

## रक्षा क्षेत्र पर जीडीपी का 5 से 6 प्रतिशत खर्च करना पड़ा तो सरकार पीछे नहीं हटेगी, लोकसभा में बोले राजनाथ सिंह

एजेन्सी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को आश्वासन दिया कि यदि देश की सुरक्षा के लिए रक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पांच से छह प्रतिशत भी खर्च करना पड़ा तो सरकार इससे पीछे नहीं रहेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि देश की सेनाएं हर प्रकार की युद्धकला के लिए तैयार हैं। अंतर सेना संगठन (कमान, नियंत्रण एवं अनुशासन) विधेयक 2023 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। उनके जवाब के बाद सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक पर चर्चा होने से पहले ही मणिपुर मुद्दे पर चर्चा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान



की मांग को लेकर विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना के थिएटर कमान के बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि कभी थिएटर कमान बना तो मौजूदा विधेयक के प्रावधान एक अधिसूचना के माध्यम से उस पर भी लागू होंगे। रक्षा मंत्री ने सदन को आश्वासन दिया कि देश का समुद्री हित पूरी तरह से संरक्षित है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि "हर प्रकार की युद्धकला (वारफेयर) के लिए हम तैयार हैं और तैयारी का यह सिलसिला लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। सिंह ने कहा, "भारत की सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए हम वित्तीय संसाधनों की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का तीन से चार प्रतिशत ही नहीं, यदि जरूरत पड़ी तो जीडीपी का पांच से छह प्रतिशत तक रक्षा क्षेत्र पर खर्च करने से सरकार पीछे नहीं रहेगी। उन्होंने सदन को यह भी भरोसा दिलाया कि राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति को लेकर उपयुक्त स्तर पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक यह समग्र नीति बन नहीं पायी थी किंतु अब उस पर काम चल रहा है। सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना देश के मछुआरों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए बीजू जनता दल के सुजीत कुमार ने कहा कि यह सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है इसलिए उनका दल इसका समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बनने से अंतर सेना संगठन की दक्षता बढ़ेगी और अनुशासनात्मक कार्यवाही को जल्द निस्तारित किया जा सकेगा। वाईएसआर कांग्रेस के अयोध्या रामी रेड्डी आला ने उम्मीद जतायी कि यह विधेयक विभिन्न कमानों के बीच समन्वय के मामले में एक मार्गदर्शक प्रकाश साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे कमान नियंत्रण में सहायता मिलेगी। भाजपा के अशोक वाजपेयी ने कहा कि इस विधेयक को बनाने से पहले सभी पक्षधरों से विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बनने से सेनाओं में अनुशासन और काम करने का बेहतर माहौल बन सकेगा। भाजपा के लेफ्टीनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. डी पी वत्स ने विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए थिएटर कमान के सुझाव का समर्थन किया।

## ऑनलाइन गेमिंग के फेस वैल्यू पर 28 प्रतिशत जीएसटी से राजस्व संग्रह बढ़ेगा : वित्त मंत्री




नई दिल्ली (एजेन्सी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले का बचाव किया। मंगलवार को एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कैसिनो, रेस कोर्स और ऑनलाइन गेमिंग में पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी से राजस्व में वृद्धि होगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से तैयार भारत में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक क्षेत्र के विकास के लिए राष्ट्रीय नीति के मसौदे में उल्लिखित नीति आयोग के अनुमानों के अनुसार, ऑनलाइन गेमिंग सेगमेंट 2021 में 28 प्रतिशत बढ़कर 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में सीतारमण ने कहा कि कैसिनो वर्तमान में सकल गेमिंग राजस्व (जीजीआर) पर 28 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान कर रहे हैं। कार्रवाई योग्य दावों की आपूर्ति करने वाली ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री और कुछ हॉर्स रेस क्लब वर्तमान में प्लेटफॉर्म फीसध्कमीशन पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी का भुगतान कर रहे हैं, जो पूरे फेस वैल्यू के 5 से 20 प्रतिशत तक है, जबकि कुछ हॉर्स रेस क्लब फुल फेस वैल्यू पर 20 प्रतिशत का भुगतान कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि कार्रवाई योग्य दावों की आपूर्ति करने वाली ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां और प्लेटफॉर्म शुल्कध्कमीशन पर 18 प्रतिशत का भुगतान करने वाले कुछ हॉर्स रेस क्लब विभिन्न कानूनी मंचों के समक्ष सट्टेबाजी और जुए के रूप में कार्रवाई योग्य दावों पर 28 प्रतिशत शुल्क लगाने का विरोध कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा, अनुमान है कि जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक में की गई सिफारिश के अनुसार पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगाने से राजस्व में मौजूदा स्तर से वृद्धि होगी।

## जिम्मेदार कंपनियों को आंकड़े देने चाहि, कर्नाटक उच्च न्यायालय

एजेन्सी

बेंगलुरु। आंकड़ों की कमी का अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ने का जिक्र करते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक कंपनी की याचिका को खारिज कर दिया, जिसने 2011 के लिए अपने परिचालन के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए थे। मस्तूरलाल प्राइवेट लिमिटेड नाम की इस कंपनी के खिलाफ 2015 में सांख्यिकी संग्रह अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई थी। कंपनी ने इसके खिलाफ 2022 में अदालत का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने हाल में अपने फैसले में कहा कि किसी भी कंपनी की ओर से कोई भी लापरवाही देश की आर्थिक नीतियों पर प्रभाव डालेगी। अदालत ने आंकड़ों के संग्रह के महत्व पर कहा, श्यह बात जगजाहिर है कि भारतीय सांख्यिकीय प्रणाली दुनिया की सबसे अच्छी प्रणालियों में से एक है। देश सांख्यिकीय अनुपालन और अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं से संबंधित सभी अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों में भाग लेता है।

## ज्ञानवापी मामले में बड़ा झटका, गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की याचिका खारिज




प्रयागराज (एजेन्सी)। वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट में यह याचिका राखी सिंह व अन्य की तरफ से दाखिल की गई थी। इस पर मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने सुनवाई की। इस जनहित याचिका में मांग की गई थी कि श्रृंगार गौरी केस में जब तक वाराणसी जिला अदालत का फैसला नहीं आ जाता तब तक परिसर में गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए और ज्ञानवापी परिसर में मिले हिंदू प्रतीक चिन्हों को संरक्षित रखने का आदेश दिया जाए। जनहित याचिका में कहा गया था कि वाराणसी में श्री आदि विश्वेश्वर मंदिर (वर्तमान ज्ञानवापी परिसर) के सदियों पुराने अवशेषों को बचाना है। दावा किया गया था कि विवादित स्थल (सेटलमेंट प्लॉट नंबर 9130 वार्ड और दशाश्वमेघ वाराणसी) पर एक भव्य मंदिर हुआ करता था, जहां भगवान शिव ने स्वयं ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी। सन् 1669 में मुस्लिम शासक औरंगजेब ने इस मंदिर को नष्ट कर दिया था। कहा गया है कि उक्त मंदिर को नष्ट करने के बाद मुसलमानों ने अनधिकृत रूप से मंदिर परिसर में अतिक्रमण किया और एक संरचना बनाई जो कि कथित ज्ञानवापी मस्जिद है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आज उस जनहित याचिका (पीआईएल) को वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को वाराणसी कोर्ट के एएसआई सर्वेक्षण आदेश को प्रभावित किए बिना पूरे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर को सील करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। हाई कोर्ट में यह जनहित याचिका जितेंद्र सिंह बिसेन, राखी सिंह व अन्य की तरफ से दाखिल की गई थी। ये वहीं राखी सिंह थीं, जिन्होंने श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की इजाजत दिए जाने की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ इस मामले की सुनवाई की।

## सीएम योगी का अखिलेश पर तंज : बोले – अच्छा है कि समाजवादियों को भी अब जनसंख्या की चिंता होने लगी है

लखनऊ (एजेन्सी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में समाजवादी पार्टी और नेता विरोधी दल अखिलेश यादव को प्रदेश में बेरोजगारी और शिक्षा के संबंध में पूछे गए सवाल पर जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा है कि नेता विरोधी दल को भी अब जनसंख्या की चिंता होने लगी है। इसी को नियंत्रित करने के लिए हम लोग समान कानून की बात कर रहे हैं। चलिए समाजवादियों में कुछ तो प्रोग्रेस हुई है। प्रगति के बारे में सोचना अच्छी बात है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार को शिक्षा और बेरोगारी के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी प्रदेश में बेरोजगारी की दर तो बताते हैं पर रोजगार कितने दिए इस पर कभी बात नहीं करते हैं। एक अन्य सवाल में अखिलेश ने पूछा कि मुख्यमंत्री योगी बताएं कि प्रदेश में 2017 से 2022 तक 15 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों की संख्या में कितनी बढ़त हुई है और सरकार आने वाले समय में इन बच्चों के रोजगार के लिए क्या कर रही है? जिसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अभी एक सदस्य ने बेसिक शिक्षा के विषय में एक प्रदेश, एक कोर्स और एक मूल्य को लेकर सवाल पूछा था। इसमें एक देश और एक कानून को भी जोड़ देते तो अच्छा होता। मुख्यमंत्री योगी ने बेरोजगारी दर को लेकर कहा कि बेरोजगारी



दर जो 2017 से पहले 19 फीसदी थी, वो आज 3 से 4 के बीच रह गई है। प्रदेश में रोजगार के जो अवसर सृजित हुए हैं, उसी की वजह से बेरोजगारी दर में कमी आई है। सीएम योगी ने प्रदेश में बेरोजगारी दर में हुए सुधार को रोजगार के बढ़ रहे अवसरों से जोड़ते हुए अखिलेश पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार क्या कर रही है ये तो सर्वे भी बताते हैं। बेरोजगारी दर इस बात पर निर्भर करती है कि रोजगार कितने सृजित हुए। 2016–17 में उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 फीसदी से अधिक थी और आज के दिन पर यह 3 से 4 के बीच रह गई है। ये दिखाता है कि उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

लोगों को पारदर्शी तरीके से नौकरी मिल रही है और नौकरी की कोई भी प्रक्रिया न्यायालय में लंबित नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायालय को भी मालूम है कि प्रक्रिया में पारदर्शिता है, शुचिता और पूरी ईमानदारी से सरकार इसको आगे बढ़ा रही है।

उत्तर प्रदेश के इस परसेप्शन के कारण ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव पास हुए हैं जो एक करोड़ नई नौकरियों का सृजन करेंगे। यह उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए अवसर है। उत्तर प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए ही 2 करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे पहले, सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है और इसमें सामान्य पाठ्यक्रम के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को भी पैरलल उपलब्ध कराने के कार्यक्रम शुरू किए जा चुके हैं। माध्यमिक शिक्षा में भी राज्य सरकार ने उस अभियान को आगे बढ़ाया है जिसमें सामान्य पाठ्यक्रम को जारी रखते हुए पैरामेडिकल, ड्रोन टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिसिस, थ्री डी प्रिंटिंग या फिर इससे संबंधित सर्टिफिकेट कोर्सेज से छात्रों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए पहले से ही व्यवसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में व्यापक परिवर्तन करने के कार्य हो रहे हैं। सीएम योगी ने प्रदेश में रोजगार के अवसर के बारे में कहा कि ये कहना की बीते 6 वर्ष में भर्ती नहीं हुई है, इसमें आपकी पीड़ा को मैं समझ सकता हूं।

## संसद टीवी पर गिनाई जा रही थी सरकार की उपलब्धियां, विपक्ष का हंगामा

**बसपा सांसद दानिश अली ने बताया कि संसद टीवी पर बहस की कार्यवाही को प्रतिबिंबित करने के बजाय सरकार की उपलब्धियों पर अपडेट चला रहा था**



नई दिल्ली (एजेन्सी)। लोकसभा की कार्यवाही के सीधे प्रसारण के दौरान चल रहे टिकर की सामग्री ने आज नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने भाजपा सांसदों के इस सवाल पर हंगामे के बाद बहस शुरू की कि राहुल गांधी पहले वक्ता क्यों नहीं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को अगले स्पीकर के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। लेकिन उनके संबोधन से पहले, मायावती की बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली ने बताया कि संसद टीवी पर टिकर चल रही बहस की कार्यवाही को प्रतिबिंबित करने के बजाय सरकार की उपलब्धियों पर अपडेट चला रहा था। संयोग से, बहुजन समाज पार्टी अविश्वास प्रस्ताव का न तो समर्थन कर रही है और न ही विरोध कर रही है। हालांकि, इसको लेकर बवाल शुरू हो गया। ली की टिप्पणी पर भारी हंगामा हुआ और विपक्षी सांसदों ने विरोध करना शुरू कर दिया। हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिरला ने हल्के–फुल्के अंदाज में कहा, मेरे पास बटन नहीं है। अध्यक्ष ने दुबे से यह भी कहा कि विपक्ष उनके भाषण से "डरा हुआ" है। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्क्रॉल पर इसकी खबर क्यों नहीं है। ओम बिरला ने सदस्यों को शांत कराते हुए हटाने की बात कह रहे हैं। इसके बाद दिए गए भाषण में दुबे ने विपक्ष और अली पर निशाना साधा। उन्होंने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अली और एक भाजपा विधायक के बीच तीखी बहस के हालिया वीडियो को लेकर अमरोहा के सांसद पर कटाक्ष किया। वायरल वीडियो पर विवाद के बीच, भाजपा एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों ने दावा किया था कि अली ने एक सरकारी कार्यक्रम में भारत माता की जय के नारे का विरोध किया था।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे ऐसे प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये हैं जो गरीब परिवार से आते हैं और जिन्होंने गरीब जनता को मकान, शौचालय और पीने का पानी उपलब्ध कराया। लोकसभा में कांग्रेस के गौरव गोगोई द्वारा सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, "आज यह अविश्वास प्रस्ताव एक गरीब के बेटे के खिलाफ लाया गया है। यह प्रस्ताव उस व्यक्ति (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) के खिलाफ है जिसने गरीबों को मकान बनाकर दिये, जिसने गरीब जनता को पीने का पानी दिया, शौचालय दिये, जिसने गरीब के घर में उजाला लाने की कोशिश की।"

## महापौर ने आर्यभट्ट संगणक प्रयोगशाला का लोकार्पण किया

एजेन्सी / लखनऊ। सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज निराला नगर विद्यालय में माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त राशि से निर्मित आर्यभट्ट संगणक प्रयोगशाला का लोकार्पण कार्यक्रम महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंदीबेन पटेल राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथियों में यतीन्द्र शर्मा विद्या भारती, अखिल भारती सहसंगठन मंत्री, हेमचन्द्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री, हरेन्द्र श्रीवास्तव अध्यक्ष भारतीय शिक्षा समिति शामिल रहे। आयोजन में 50 कम्प्यूटर की आर्यभट्ट संगणक प्रयोगशाला का लोकार्पण राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा बटन दबा कर किया गया।

## भेल का 2023-24 में 20,300 करोड़ रुपए के कारोबार का लक्ष्य

एजेन्सी

बेंगलुरु। सार्वजनिक क्षेत्र की भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (भेल) ने वित्त वर्ष 2023–24 में 20,300 करोड़ रुपए के कारोबार का लक्ष्य रखा है। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भानु प्रकाश श्रीवास्तव ने मंगलवार को कहा कि स्वदेशी उत्पादों की मांग के चलते कंपनी की वृद्धि को गति मिल रही है।

उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले इस नवरत्न पीएसयू के पास इस साल एक अगस्त तक लगभग 64,800 करोड़ रुपए के ठेके हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि भेल ने ब्राजील, आर्मेनिया और कजाकिस्तान में विपणन कार्यालय शुरू करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि 2023–24 के लिए निर्यात बिक्री लक्ष्य नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर है। भेल ने पिछले वित्त वर्ष में 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगभग 17,300 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। श्रीवास्तव ने बताया कि किसी भी देश में रक्षा व्यवसाय सरकारी नीतियों से काफी हद तक जुड़ा होता है और यह देश के भू–राजनीतिक परिदृश्य, सुरक्षा खतरों और आर्थिक वृद्धि जैसे कारकों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार घरेलू उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए आत्मनिर्भरता पर जोर दे रही है और ऐसे में कुछ श्रेणी के रक्षा उपकरणों के आयात पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने कहा, इससे निकट भविष्य में स्वदेशी उत्पादों और सेवाओं की मांग बढ़ेगी।

## एक्शन में शरद पवार, थॉमस के थॉमस एनसीपी की कार्यकारी समिति से हटाया

एजेन्सी

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने "गंभीर अनुशासनहीनता का हवाला देते हुए मंगलवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक थॉमस के थॉमस को अपनी कार्यकारी समिति से हटा दिया। थॉमस केरल विधानसभा में कुट्टनाड निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। राकांपा केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) का हिस्सा है। पवार ने थॉमस को भेजे एक पत्र में कहा, "आपके द्वारा अखिल भारतीय अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष के अधिकार की खुलकर अवहेलना करने तथा पार्टी के सदस्यों के खिलाफ गैरजिम्मेदाराना आरोप लगाने तथा पार्टी में अपने पद का दुरुपयोग कर झूठी शिकायतें दर्ज कराने से जनता तथा वाम लोकतांत्रिक मोर्चा में पार्टी की छवि खराब हो रही है।आपकी ओर से की जा रही गंभीर अनुशासनहीनता को देखते हुए, मैं आपको राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी समिति से हटाता हूं।

## सरकार द्वारा अति शीघ्र 'स्कूल सुरक्षा बिल' लाने की जरूरत

एजेन्सी / लखनऊ। चिल्ड्रंस गर्ल्स स्कूल आजमगढ़ में हुई घटना में शिक्षक एवं प्रधानाचार्या की गिरफ्तारी के बाद एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स, उत्तर प्रदेश ने स्कूलों को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से 'स्कूल सुरक्षा बिल' अथवा इस संबंध में शासनादेश के माध्यम से गाइडलाइन लाने की अपील की है।

## पूर्व बीजेपी विधायक ने युवक को थूक चटवाया, करवाई उठक-बैठक, वीडियो आया सामने

एजेन्सी

दुमका। झारखंड के दुमका जिला अंतर्गत जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भाजपा नेता देवेंद्र कुंवर एक युवक के साथ शर्मनाक करतूत करते हुए नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कैसे भाजपा नेता दबंगई दिखाते हुए भीड़ के सामने एक युवक से कान पकड़कर उठक–बैठक करवाता है और उसे थूक चाटने के लिए मजबूर करता है। जब इतनी बेहरमी दिखाकर भी नेता का मन नहीं भरता तो वह युवक को लात भी मारता है। हालांकि, नेता ने यह सब इसलिए किया क्योंकि युवक पर एक गंभीर आरोप लगा है। दरअसल, उठक–बैठक करने वाले युवक पर नदी में स्नान करने वाली महिलाओं के वीडियो बनाने का आरोप लगा है। युवक का नाम तौफिक अंसारी बताया जा रहा है। जब भाजपा नेता को इस मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने भरी सभा में खुद अपनी अदालत लगाई, फैसला सुनाया और सजा भी दे दी। सामने आए वीडियो में देवेंद्र कुंवर फैसला सुनाते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने पहले युवक को उठक–बैठक करवाई। फिर उन्होंने उसे थूक कर चाटने को कहा। नेता के कहने पर सहमे हुए युवक ने थूक कर भी चाटा। इसके बाद देवेंद्र कुमार ने उसे लात भी मारी। वहां मौजूद लोग यह तमाशा देखते रहे और मजे लेते नजर आए। वहीं वीडियो सामने आने के बाद नेता देवेंद्र ने सफाई देते हुए कहा कि वीडियो को गलत तरीके से दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित युवक महिलाओं का नहाते वक्त वीडियो बनाया करता था इसलिए ग्रामीणों ने पकड़कर आरोपी युवक को लाया था। इसके बाद ग्राम सभा में सबसे सामने फैसला सुनाया गया।

## सम्पादकीय

# नशे का नश्तर

पंजाब में लगातार बढ़ते नशीली दवाओं के शिकंजे का खतरा जितना भयावह है, हम उसका अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं। ऐसे वक्त में जब नशीली दवाओं के सेवन करने वाले वयस्कों, युवाओं व बच्चों की संख्या निरंतर बढ़ रही है तो इस संकट की घातकता को खत्म करने के लिये समस्या की जड़ पर प्रहार करना जरूरी होगा। बीते गुरुवार को लोकसभा में सामाजिक न्याय और आधिकारिता पर स्थायी संसदीय समिति द्वारा पेश की गई रिपोर्ट बेहद चिंताजनक तसवीर उकेरती है। इस रिपोर्ट के आंकड़े विचलित करने वाले हैं। रिपोर्ट का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पंजाब व हरियाणा देश के सबसे अधिक नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले राज्यों में शामिल हुए हैं। वहीं चंडीगढ़ को सर्वाधिक नशीले पदार्थों के सेवन करने वाले केंद्र शासित प्रदेशों में तीसरे स्थान पर रखा है। सबसे दुखद व खतरनाक बात यह है कि नशीली दवाओं के सेवन करने वालों में बड़ी संख्या बच्चों की भी है। निस्संदेह, पंजाब लंबे समय से इस सामाजिक बुराई से जूझ रहा है, लेकिन सामने आये हालिया आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। ये आंख खोलने वाले आंकड़े बताते हैं कि तीन करोड़ आबादी वाले पंजाब में करीब 66 लाख से अधिक लोग नशीली दवाओं के सेवन करने वाले हैं। जिसमें 21 लाख लोग अफीम से बने नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। विडंबना यह है कि हाल के वर्षों में राज्य में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों लोगों की संख्या आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ी है। जो सरकारों के उन दावों को नकारती है कि नशे के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाये जा रहे हैं। हालिया आंकड़े इस बात पर बल देते हैं कि राज्य सरकार की ओर से मादक द्रव्यों के खिलाफ चलाये जाने वाले अभियानों को युद्ध स्तर पर शुरू करने की जरूरत है। नशा उन्मूलन के खिलाफ जहां सरकारी मशीनरी को चुस्त–दुरुस्त करने की जरूरत है, वहीं समाज में भी जनजागरण अभियान तेज करने की जरूरत है।

असली सवाल यह है कि सरकारों द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जाने वाले अभियान के परिणाम जमीनी स्तर पर नजर क्यों नहीं आ रहे हैं। पिछले महीने पंजाब पुलिस ने दावा किया था कि उसके नशीली दवाओं के विरोध में चलाये गये विशेष अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। पुलिस का दावा है कि पिछले एक साल में एनडीपीएस अधिनियम के तहत चलाये गये अभियान में 12,218 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। हालांकि,यह भी एक हकीकत है कि ज्यादातर मामले छोटे–मोटे ड्रग्स तस्करों से संबंधित ही थे। जबकि वास्तविकता यह है कि इस संकट पर काबू पाने के लिये नशीले पदार्थों के कारोबार में लगी बड़ी मछलियों पर शिकंजा कसा जाना जरूरी है। इस संकट का एक पहलू यह भी है कि सीमा पार से नशीले पदार्थों का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। लगातार ड्रोन भारतीय सीमा में दाखिल होकर नशे की खेप व हथियार गिराते रहते हैं। इतना ही नहीं, भारतीय सीमा से भी ड्रोन नशीले पदार्थों की खेप लेने सीमा पार जाने लगे हैं। हाल ही में बाढ़ की आड़ में पाकिस्तान से लाई गई 77 किलो हेरोइन व हथियारों के साथ चार तस्करों की गिरफ्तारी बताती है कि सीमा पार से कितना बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है। निस्संदेह, यह पुलिस व खुफिया विभाग की बड़ी कामयाबी भी है। अन्यथा यह नशा कितने घरों को बर्बाद करने का जरिया बनता, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। बार–बार पड़ताल से यह बात सामने आती रही है कि नशे के इस खतरनाक कारोबार में कानून लागू करने वालों, तस्करों तथा राजनेताओं का अपवित्र गठबंधन लगातार फल–फूल रहा है। निस्संदेह, इस गठजोड़ को खत्म किये बिना नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाया जाने वाला कोई अभियान अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता। आये दिन नशे के अधिक सेवन से युवाओं के मरने की खबरें इस भयावह संकट की ओर इशारा कर रही हैं। यदि नशे के खिलाफ बड़े कदम समय रहते न उठाए गये तो लाखों युवा बर्बादी की राह पर जा सकते हैं।

# आज का राशि फल

मेष :– बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

बृषभ :– अपनी भावुकता पर नियंतणरखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मिथुन :– भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कर्क :– भौतिक–सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे–संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

सिंह :– घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

कन्या :– भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे–संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

तुला :– दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

वृश्चिक :– निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

धनु :– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

मकर :– भावनाओं पर नियंतणरख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के ने स्रेत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

कुंभ :– किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी–पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

मीन :– राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। कोई नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

# क्या मोदी राहुल को जवाब दे पाएंगे?

गुजरात की निचली अदालतों एवं वहां की हाईकोर्ट द्वारा एक अवमानना के मामले में सुनाई गई दो साल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद लोकसभा में राहुल गांधी की सोमवार को वापसी अनेक मायनों में महत्वपूर्ण है। यह एक सांसद की देश की सर्वोच्च विधायिका में लौटना मात्र नहीं है वरन यह जनसामान्य की आवाज के संसद में फिर से गूंजने का आश्वासन है। अपने खिलाफ सत्ता समर्थित सारे षड्यंत्रों को परास्त कर राहुल गांधी के जरिये यह निरंकुशता के खिलाफ लोकतंत्र की वापसी भी है, जिसके अनेक तात्कालिक व उससे कहीं बढ़कर दूरगामी नतीजे निकलेंगे। 2019 के मार्च महीने में कर्नाटक की एक चुनावी सभा में दिये एक भाषण के आधार पर करीब साढ़े तीन माह पहले राहुल को गुजरात की कोर्ट में दो साल की सजा सुनाई गई थी। जिस आतुरता से उनकी लोकसभा की सदस्यता छिनी गयी और उसी फुर्ती से उनका सरकारी आवास भी खाली कराया गया था, वह हास्यास्पद होने के साथ ही सत्ता पक्ष के भय का प्रदर्शन भी था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राहुल की सजा पर न केवल रोक लगा दी वरन गुजरात की अदालतों व वहां की उच्च न्यायालय की न्यायिक प्रक्रिया पर



भी गम्भीर सवाल उठाये। दो साल की सजा इस अपराध में अधिकतम है और हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहीं भी यह नहीं बताया कि आखिर अधिकतम अवधि की सजा का औचित्य क्या है। लोग जानते हैं कि संसद की सदस्यता जाने के लिये पूरे दो वर्ष के कारावास की सजा आवश्यक है।

बहरहाल, करीब 136 दिन संसद से बाहर रहकर राहुल जिस प्रकार से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जैसे आक्रामक हुए उससे दोनों (मोदी व पार्टी) का और भी नुकसान होने लग गया था। तिस पर राहुल इन दिनों जनता के बीच घूमते रहे। कभी वे मणिपुर के हिंसा पीड़ित लोगों को गले लगाते रहे तो कभी वे सुबह उठकर आजादपुर सब्जी मंडी पहुंच जाते थे। छात्रों, युवाओं आदि के साथ उनकी नजदीकियां बढ़ती चली गयीं। इतना ही नहीं, पिछले वर्ष की सितम्बर से निकली उनकी चार हजार किलोमीटर की (कन्याकुमारी से कश्मीर) पैदल यात्रा ने न केवल उन्हें नयी छवि प्रदान की बल्कि उनके भाषणों के जरिये मोदी की प्रशासकीय अक्षमता, निरंकुशता और क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा देने वाली नीतियों का भी पर्दाफाश होता चला गया। इसी साल 30 जनवरी को जब उनकी यात्रा श्रीनगर में तिरंगा फहराने के साथ पूरी हुई तो कांग्रेस में न केवल नये प्राण पड़ चुके थे बल्कि देश के तमाम बड़े विपक्षी दल जो लोकतंत्र में भरोसा रखते हैं, उन्होंने भी कांग्रेस के नेतृत्व को स्वीकार कर विपक्षी गठबन्धन बना लिया। इस साल जून में पटना में 15 दलों के साथ प्रारम्भ हुई एकता की कोशिशें 18–19 जुलाई को बेंगलुरु पहुंचते–पहुंचते 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा के लिये सही मायनों में एक मजबूत गठबन्धन इंडिया के रूप में चुनौती बनकर खड़ी हो गयी। यहां तक भी शायद मोदी और भाजपा के प्रमुख नेता इस खतरे से इस विचार के साथ निपटने के प्रति निश्चिंत रहे होंगे कि चुनाव में अपने चिर–परिचित एजेंडे यानी सामाजिक ध्रुवीकरण व सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बल पर गठबन्धन को परास्त कर लिया जायेगा, परन्तु अब जब संसद में राहुल लौट चुके हैं, मोदी और भाजपा पर नये हमले होने लाजिमी हैं। फिर, वे ऐसे वक्त में लौटे हैं जब मोदी के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार व बुधवार को चर्चा होनी है। निश्चित ही ओम बिरला के लिये उनकी सदस्यता बहाली का बहुत कठिन फैसला रहा होगा पर अब सत्ता पक्ष के लिये उनके वार झेलने में निश्चित ही दिक्कत आयेगी क्योंकि राहुल एक विजेता तथा नैतिक रूप से पहले से सशक्त नेता के रूप में संसद में पुनर्प्रवेश कर रहे हैं जबकि भाजपा व सरकार पराजित एवं अपराध भाव से ग्रस्त कुनबे के रूप में दिखेगी।

तय है कि राहुल गांधी अविश्वास प्रस्ताव के प्रमुख वक्ता होंगे जिस दौरान वे पुराने मसले अर्थात मोदी एवं उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के परस्पर संबंधों के साथ मणिपुर व नूंह (मेवात) की हिंसा और जयपुर–मुंबई एक्सप्रेस में मोदी व योगी (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ) के नाम पर हुए गोली चालन (जिसमें तीन मुस्लिमों व एक मीणा सम्प्रदाय के पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गयी थी) जैसे ताजे मामले भी उठायेंगे । जाहिर है कि मोदी के पास इनके कोई जवाब नहीं होंगे। सवाल है कि क्या मोदी पहले से मजबूत होकर लौटे राहुल का सामना लोकसभा में कर पायेंगे या हमेशा की तरह सदन को किसी मंत्री के हवाले छोड़कर निकल लेंगे या फिर शोर–गुल कराकर लोकसभा को बार–बार स्थगित कराएंगे? संसद का सत्र शुक्रवार तक ही चलना है।इधर सदन से बाहर की बात करें तो इंडिया सतत मजबूत हो रहा है जिसे राहुल की इस कानूनी जीत से बड़ा बल तो मिलेगा ही, कांग्रेस के प्रति जनविश्वास में और भी इजाफा होगा जो भाजपा के लिये असली मुसीबत है। कश्मीर के नेता गुलाम नबी आजाद के साथ कांग्रेस छोड़कर जाने वाले कई नेता आज लौट आये हैं। मध्यप्रदेश में भी ऐसा ही सियासी मंजर देखने को मिल रहा है। बेशक, राहुल गांधी की संसद में वापसी को केवल कानूनी जीत के रूप में नहीं देखना चाहिये। यह वापसी भारतीय लोकतंत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

# सावधान 'संसद चालू आहे'

भारत को पूरे विश्व में संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र माना जाता है। इसकी असली वजह यह है कि इस प्रणाली के तहत संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर जिस प्रकार जनता की चुनी हुई सरकार को संसद के माध्यम से सीधे जनता के प्रति जवाबदेह बना कर गये हैं और देश की पूरी प्रशासन व्यवस्था को संविधान के प्रति उत्तरदायी बना कर लोकतान्त्रिक मूल्यों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा गया है उससे पूरी दुनिया प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकती थी। इसके साथ भारत में जिस प्रकार न्यायपालिका को पूर्ण स्वतन्त्र बना कर इसे सरकार का हिस्सा नहीं बनाया बल्कि सरकारी कामकाज की समीक्षा का अधिकार दिया गया उससे दुनिया के वे देश सर्वाधिक प्रभावित हुए जो उपनिवेशवाद या साम्राज्यवाद के चंगुल से आजाद होने के लिए छटपटा रहे थे। आज राज्यसभा में दिल्ली की सरकारी सेवा के बारे में जो बहस हुई उससे एक बार फिर सिद्ध हो गया कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतन्त्र हैं और हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों में वह क्षमता है कि वे समय की मांग के अनुसार स्वयं को ऊंचा उठा सकें।दरअसल हमें अपने जन प्रतिनिधियों से ऐसी ही अपेक्षा रहती है। हालांकि पूरी तरह से यह नहीं कहा जा सकता कि बहस का स्तर पूर्व की बहसों के अनुरूप रहा हो क्योंकि इस सदन में एक समय में देश की हर जानी–मानी हस्ती रहती आयी है। आजादी के बाद आचार्य नरेन्द्र देव से लेकर श्री प्रणव मुखर्जी तक इस सदन में बैठे हैं। मगर दूसरी तरफ लोकसभा में शोर–शराबे के बीच विधेयक भी पारित होते रहे। मगर एक महत्वपूर्ण घटना इस सदन में भी हुई। कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता लोकसभा अध्यक्ष ने बहाल करने के आदेश अपने सचिवालय के माध्यम से जारी किये। उनकी सदस्यता उसी समय बहाल हो गई थी जब सूरत की अदालत द्वारा उन्हें मानहानि के मामले में दी गई दो साल की सजा पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी। इस फैसले के बाद वह खतावार नहीं रहे थे क्योंकि मानहानि का मुकद्दमा अब पुनः सूरत की अदालत में ही चलेगा और अदालत को अपना फैसला सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उठाये गये कानूनी नुक्तों की रोशनी में करना पडे़गा। मगर आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस देश के लोगों की आस्था संसद में बरकरार रहनी चाहिए और उनमें विश्वास होना चाहिए कि हर पांच साल बाद अपने एक वोट की ताकत से वे जो प्रतिनिधि चुनते हैं वे संसद में पहुंच कर जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हैं या नहीं। संसद का यह सावन सत्र केवल 11 अगस्त तक ही चलेगा और अभी तक मणिपुर के मुद्दे पर दोनों में से किसी एक सदन में भी चर्चा नहीं हो पाई है। आज अर्थात बुधवार से लोकसभा में सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा रखे गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो जायेगी। बेशक संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का ही होता है और सदन चलाने में सत्तारूढ़ दल की भूमिका ही प्रमुख रहती है। अतः भारत के लोग अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली बहस को बहुत उत्सुकता से देखेंगे। यह भारत का बच्चा–बच्चा जानता है कि इस संसदीय लड़ाई में अन्त में जीत भाजपा की ही होगी क्योंकि उनके पास फिलहाल 538 के सदन में 332 सदस्यों का समर्थन है।

मगर लोकतन्त्र केवल संख्या बल का ही शासन नहीं होता है बल्कि यह देश के सभी पक्षों का शासन होता है इसी वजह से सरकार की हर नीति व फैसले पर संसद में बहस कराई जाती है। यही वजह थी कि खुद संसद के दोनों सदनों के सदस्यों ने ही यह नियम बनाया था कि कोई भी विधेयक शोर–शराबे या हंगामे के बीच पारित नहीं कराया जाना चाहिए। मगर अब इस नियम को नहीं माना जा रहा है और कभी–कभी तो स्वयं सत्तारूढ़ दल के सदस्य ही नहीं चलने देते। मगर सदन की कार्यवाही में सरकार की स्थिति इस प्रकार होती है कि इन सदनों के अध्यक्ष मन्त्रिमंडल के सदस्यों तक को पहले एक सांसद मान कर उनके विशेषाधिकारों व अन्य अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। सदन में वे मन्त्री एक सांसद होने की वजह से ही होते हैं। हालांकि कोई भी व्यक्ति सरकार में मन्त्री छह महीने तक बिना सांसद बने भी रह सकता है। यह प्रधानमन्त्री का विशेषाधिकार होता कि वह किसी भी नागरिक को अपने मन्त्रिमंडल में शामिल करें। मगर उसे छह महीने के भीतर सांसद बनना पड़ता है। इसके बहुत से उदाहरण हैं।

आज की परिस्थितियों में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि हम संसद की सार्थकता सिद्ध करें जिससे देश की जनता में इसके प्रति विश्वास कायम रहे।

जनता का यह विश्वास ही लोकतन्त्र की सफलता की गारंटी होता है। राज्यसभा में आज इसी तरफ एक अच्छा प्रयास हुआ है। अतः बुधवार से शुरू होने वाली अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा ज्ञानमूलक और आम लोगों में विश्वास पैदा करने वाली होनी चाहिए। लोकतन्त्र में ऐसा भी होता आया है कि कभी–कभी सरकारें स्वयं ही अपने प्रति सदन का विश्वास प्राप्त करने के लिए 'विश्वास प्रस्ताव' रखती रही हैं यह 'अविश्वास प्रस्ताव' के उलट प्रक्रिया होती है। 2008 के जुलाई महीने में लोकसभा में यही हुआ था जब तत्कालीन मनमोहन सरकार ने भारत–अमेरिका परमाणु करार के मुद्दे पर अपने प्रति 'विश्वास प्रस्ताव' रखा था।

# विकसित भारत बनाएगा नेशनल रिसर्च फाउंडेशन

विवेक देवराय

शोध एवं विकास और नवाचार में निवेश किसी भी राष्ट्र की सतत वृद्धि एवं समग्र समृद्धि के लिए अति आवश्यक है। नरेन्द्र मोदी सरकार इस आवश्यकता को भलीभांति समझती है। इसीलिए सरकार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए बजटीय आवंटन बढ़ाने, स्टार्टअप्स या नवउद्यमों के लिए अनुकूल परिवेश बनाने और अक्षय ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में शोध को प्रोत्साहन देने की दिशा में कदम बढ़ाए है। सरकार नवाचार की संस्कृति को आगे बढ़ाने में सक्रियता से जुटी है। विभिन्न सरकारी नीतियां और पहल शोध एवं विकास का सतत वृद्धि एवं सामाजिक–आर्थिक विकास की दृष्टि से लाभ उठाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जिससे भारत को तकनीकी एवं नवाचार के मोर्चे पर भविष्य की एक महाशक्ति के रूप में स्थापित किया जा सके। अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल, 2023 इसी प्रतिबद्धता का अगला पड़ाव है। इस विधेयक को गत चार अगस्त को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। संसद के दोनों सदनों से पारित होने के उपरांत इससे नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) की स्थापना संभव होगी। एनआरएफ भारत में शोध–अनुसंधान एवं विकास से जुड़े ढांचे में व्यापक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एनआरएफ पर बड़े दायित्वों का दारोमदार है। सर्वप्रथम तो इसे भारत के तात्कालिक, मध्यम–अवधि और दीर्घकालिक शोध लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार करनी है। इस उपक्रम में यह अकादमिक एवं शोध संस्थानों में शोध–अनुसंधान के बीजारोपण से लेकर उन्हें विकसित करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा। इस प्रयोजन में विशेष रूप से कालेज एवं विश्वविद्यालयों में शोध–अनुसंधान विकास के प्रारंभिक चरणों पर ध्यान दिया जाएगा। इनमें कई प्रकार की सुविधाएं शामिल होंगी। जैसे सुपात्र अभ्यर्थियों की शोध समीक्षाओं के लिए आवश्यक संसाधनों का आवंटन और ऐसे शोध ढांचे की स्थापना जो वैज्ञानिक उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक बन सके। राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, उभरते मोर्चों और रणनीतिक शोध पर भी एनआरएफ तन्मयता से काम करेगा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों में भारत की भूमिका एवं सक्रियता को विस्तार देने के साथ ही शोध को पूंजी–आधारित तकनीकों में रूपांतरित करने का कार्य भी इसके दायरे में है। तात्कालिक स्तर पर देखा जाए तो एनआरएफ देश की शोध–अनुसंधान क्षमताओं को त्वरित रूप से बढ़ाने के साथ ही शोधार्थियों को उनकी परियोजनाओं को लिए अपेक्षित संसाधन प्रदान करने और अधिक से अधिक कालेज एवं विश्वविद्यालयों को शोध गतिविधियों का गढ़ बनाने का निमित्त बनेगा। यह विज्ञानियों, शोधार्थियों और नवप्रवर्तकों की एक पूरी नई पीढ़ी तैयार करने में मददगार होगा, जो देश को स्वास्थ्य एवं प्रौद्योगिकी सहित तमाम क्षेत्रों में बुलंदी पर ले जाएंगे। दीर्घकालिक स्तर पर एनआरएफ भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम की दिशा को बड़े सकारात्मक स्तर पर बदल सकता है। जब सामाजिक एवं विकास संबंधी चुनौतियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समन्वयकारी कार्यक्रम वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक समाधान तलाशने में सफल होंगे और वैज्ञानिक शोध पर व्यय का निरंतर विश्लेषण होगा तो इससे भारत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नेतृत्व के स्तर पर ऊंची छलांग लगा सकता है। एनआरएफ द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहयोग की राह खुलने से भारत वैश्विक वैज्ञानिक बिरादरी का अभिन्न अंग बनने में सफल होगा। साथ ही निजी एवं सार्वजनिक निवेश को भी इससे प्रोत्साहन मिलेगा, जो देश में नवाचार एवं आर्थिक वृद्धि के चक्र को स्वयं गतिशील बना सकता है। एनआरएफ को दिए जा रहे महत्व का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इसकी कमान किसी और के पास नहीं, बल्कि सीधे प्रधानमंत्री के हाथ में होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और शिक्षा मंत्री इसके संचालक बोर्ड के दो उपाध्यक्ष होंगे। एनआरएफ में नीतिगत प्रतिष्ठान के शीर्ष स्तर की सक्रियता इसे रणनीतिक मार्गदर्शन, आवश्यक प्राधिकार और समुचित संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी, ताकि यह संस्था अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल हो सके। चूंकि प्रधानमंत्री स्वयं इस संस्था का हिस्सा होंगे तो यही उम्मीद है कि इसकी राह में नौकरशाही, वित्तीय या किसी भी अन्य प्रकार के व्यवधान का तत्काल समाधान निकल जाएगा। इस उच्च स्तरीय सक्रियता से अंतर–मंत्रालयी और अंतर–विभागीय समन्वय में भी बड़ी आसानी होगी, जो कि शोध एवं नवाचार की राह में आने वाले जटिल एवं विभिन्न पक्षों के बीच उलझे मुद्दों को सुलझाने के लिए आवश्यक है। अपने नवाचार इकोसिस्टम को और बेहतर बनाने के लिए भारत को कई अन्य कदम उठाने की भी आवश्यकता है।

# चीते बचेंगे कैसे

आदित्य नारायण

चीतों की कब्रगाह बने मध्यप्रदेश के कूनो नैशनल पार्क में एक और मादा चीते की मौत के साथ ही अब तक 9 चीतों की मौत हो गई है। बचे हुए 15 चीतों में से भी दो बीमार हैं। यद्यपि दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के विशेषज्ञ चीतों की मौत को लेकर एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मादा चीता धात्री की मौत फ्लाई लाखा संक्रमण से कीड़े पड़ने के कारण हुई और यह संक्रमण तेजी से फैल रहा है। पिछले दस दिनों से धात्री को ट्रैंकूलाइज करने की कोशिश की जा रही थी। फ्लाई लाखा के खतरे को देखते हुए बाकी चीतों की गर्दन से रेडियो कॉलर हटा दिए गए हैं। यद्यपि केन्द्र यह कहता रहा है कि सभी चीतों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। पहले यह कहा गया कि नामीबिया से लाए गए चीतों को यहां का गर्म मौसम रास नहीं आ रहा। कभी यह कहा गया कि चीतों की मौत आपसी संघर्ष के कारण हुई। कुल मिलाकर चीता प्रोजैक्ट को लगातार झटके मिल रहे हैं। चीतों की मौत को लेकर सियासत भी कम नहीं हो रही। कूनो में चीतों को बसाने का प्रयास दुनिया के सबसे बड़े वन्य जीव स्थानांतरण में से एक है। कूनो में चीतों की अब तक मृत्युदर सामान्य मापदंडों के भीतर ही है। चीता संरक्षण का इतिहास बताता है कि जब दक्षिण अफ्रीका ने वर्ष 1966 में चीतों को फिर से बसाने की कोशिश शुरू की तो उसमें 26 साल लग गए। अफ्रीका के माहौल में ढलने के लिए चीतों को समय लगा और इस बीच करीब 200 की मौत भी हुई। हालांकि, भारत में इतने बड़े पैमाने पर नुक्सान की संभावना नहीं है। जानकार बताते हैं कि निश्चित तौर पर प्रोजैक्ट चीता इसी तरह के बढ़ते दर्द से गुजरेगा। हालांकि, घबराने की जरूरत नहीं है। दक्षिण अफ्रीका एक्सपर्ट की यह राय है जो कि सरकार के चीता प्रोजैक्ट स्टीयरिंग कमेटी के परामर्श पैनल में भी शामिल है। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में मिलाकर वैश्विक चीता आबादी का हिस्सा 40 प्रतिशत है। दुनियाभर में जानवरों की घनिरंतर गिरावट को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका ने कमजोर प्रजातियों के संरक्षण का प्लान बनाया। इसी कड़ी में चीतों को देश के भीतर और बाहर फिर से बसाना शुरू किया गया। कुछ सालों के बाद उन्हें सफलता मिली और यह देश आगे की गिरावट को रोकने में सक्षम हो गया। फिलहाल चीतों की मेटा–जनसंख्या हर साल 8 प्रतिशत बढ़ रही है जो कि संख्या के लिहाज से 40–60 है। हाल ही में विशेषज्ञों ने एक स्टेटस रिपोर्ट दी है कि भारत में युवा व्यस्क चीते लाए जाएं क्योंकि युवा चीते नए वातावरण के लिए अधिक अनुकूल होते हैं और पुराने चीतों की तुलना में उनकी जीवित रहने की दर अधिक होती है। छोटे नर चीते अन्य चीतों के प्रति कम आक्रामक होते हैं जिससे अंततरू विशिष्ट प्रतिस्पर्धा मृत्युदर का जोखिम कम हो जाता है। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर डाला है कि युवा चीतों को रिलीज किए जाने के बाद इनकी लम्बी जीवन प्रत्याशा होती है जो उच्च संरक्षण मूल्य और प्रजनन क्षमता प्रदान करती है। हालांकि शुरूआत में चीता शावक की मृत्यु दर अधिक होने की उम्मीद है क्योंकि मादा चीता एशिया में विभिन्न जन्म अंतरालों के अनुकूल होती है। रिपोर्ट में "सुपरमॉम्स" के महत्व को भी रेखांकित किया गया। 'सुपरमॉम्स' अत्यधिक सफल, फिट मादा चीते हैं जो दक्षिण अफ्रीका के जंगली चीतों की आबादी को बनाए रखती है।

विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में लाई गई सात जंगली मादाओं में से केवल एक के "सुपरमॉम्स" होने की संभावना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगले दशक में दक्षिण अफ्रीका आबादी से कम से कम 50 और चीतों को लाना भारतीय आबादी को स्थिर करने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। दीर्घकालिक आनुवंशिक और जनसांख्यिकीय व्यवहार्यता के लिए दक्षिण अफ्रीकी और भारतीय चीतों की आबादी के बीच निरंतर अदला–बदली भी आवश्यक होगी। विशेषज्ञों ने भारतीय अधिकारियों को यह सुझाव देते हुए कि कुनो एक सिक घरिजर्व हो सकता है, वैकल्पिक स्थलों की पहचान करने की सलाह दी है।

घसिंक रिजर्व ऐसे आवास हैं जिनमें सीमित संसाधन या ऐसी पर्यावरणीय/ स्थितियां होती हैं जो किसी प्रजाति के अस्तिव या प्रजनन के घलिए कम अनुकूल होती है। सिंक घरिजर्व स्रोत रिजर्व से जानवरों को बढ़ाने पर निर्भर है। विशेषज्ञों ने 50 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र वाले दो अतिरिक्त वन्य जीव पार्कों को स्थापित करने की भी सिफारिश की है। कुछ अन्य अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने परियोजना के प्रबंधन को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की है। बेहतर निगरानी और समय पर उपचार से चीतों की मौत को रोका जा सकता है। बेहतर यही होगा कि कूनो प्रबंधन संक्रमण को बढ़ने से रोके और विशेषज्ञों की सलाह मानकर कदम उठाए। क्योंकि लगातार मौतों से भारत की छवि पर आंच आ रही है। थोड़ी सी भी चूक चीता प्रोजैक्ट के लिए महंगी और खतरनाक साबित हो सकती है।

# तीन लुटेरो को पुलिस ने हरियाणा से किया गिरफ्तार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बरसठी थाना अंतर्गत पुलिस ने थाना क्षेत्र के भैंसहा गांव के पास स्वर्ण व्यवसायी विनोद कुमार सोनी के साथ बीते दिनों हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को सोमवार को हरियाणा से गिरफ्तार करते हुए लूट का सामान, नगदी व घटना में प्रयुक्त तमंचा व बाइक बरमाद किया है।मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत चोब सिंह, क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में बरसठी पुलिस व स्वाट टीम द्वारा 28 अगस्त को बरसठी अन्तर्गत भैंसहा के पास स्वर्ण व्यवसाई के साथ हुई लूट की घटना खुलासा किया गया।इलेक्ट्रानिक सर्विलांस व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से घटना कारित करने वाले तीन अभियुक्तों को लूट के सामान सहित फरिदाबाद हरियाणा से थाना डबुआ जनपद फरिदाबाद से पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया।

विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा दिया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों सूरज गौतम पुत्र नामवर गौतम निवासी महुआरी थाना बरसठी जौनपुर।राजकुमार सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह निवासी अल्लापुर थाना मछलीशहर जनपद असलम अली पुत्र जुम्मन अली निवासी करौरा मछलीशहर जौनपुर को गिरफ्तार किया है।

# सपा ने जन पंचायत कार्यक्रम का किया आयोजन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे जिले में गांव पंचायत से लेकर नगरी क्षेत्र तक जगह जगह जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहीं सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल ने विभिन्न जन पंचायत कार्यक्रम में सम्मिलित हो कर जनता से संवाद करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार में जितने लाभकारी योजना चलाई गई भाजपा ने सबको बन्द और शिथिल करने का काम किया समाजवादी सरकार मे जहां महिलाओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई उनको समाजवादी पेंशन दिया सरकार मे बेरोजगारी भत्ता, कन्या विद्याधन प्रदेश के विभिन्न जिलों में जौनपुर सहित मेडिकल कॉलेज दवाई सिंचाई मुफ्त ऐसे तमाम योजनाएं चलाई थी जिससे आम जनता खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा था भाजपा सरकार ने तो देश के खुशहाली को नफरत मे बदलने का काम किया आज भाजपा सरकार अग्रेजों के तरह देश को बाटने का काम कर रहा फूट करों राज करों जात से जात बाटों ध र्म को धर्म से बाटों सबको आपस मे लड़ाते रहों और भाजपा की सरकार बनाते रहों इसी तर्ज पर भाजपा सरकार चल रहा है उसे विकास से कोई लेना देना नहीं है। कहा आज भाजपा सरकार में देश की हालत बहुत खराब हो गया उसे बचाना हम लोगों की जिम्मेदारी है इसलिए भाजपा सरकार को हटाना हैं अब जागों जन जन को जगावों और भाजपा को इस देश से हटावों । जन पंचायत मे मुख्य रूप से निवर्तमान जिलामहासचिव अंखड यादव,राहुल त्रिपाठी, इर्शाद मंसूरी, साजिद अलीम, अन्नपूर्णा देवांशी,कमालुद्दीन अंसारी, अनील दूबे,अजमत अली,सरफराज अंसारी, जफर अहमद सिद्दीकी आशीष जयसवाल,शबीद हैदर,फिरोज अहमद,धनश्याम यादव,अजय प्रजापति, इकबाल अहमद,अखिलेश यादव, अमजद, हफीज शाह,आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्री अन्न ,एक मूल्य वर्धित पौष्टिक अथवा भ्रांति आहार विषय पर संगोष्ठी आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2023 राजकीय जुबली इंटर कॉलेज लखनऊ परिसर में संपन्न हुई जिसमें 70 रिकॉर्ड संख्या में विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी का विषय – श 'श्री अन्न ,एक मूल्य वर्धित पौष्टिक अथवा भ्रांति आहार' श था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार के निर्देशन में धीरेंद्र मिश्र, प्रध ानाचार्य, राजकीय जुबली इंटर कॉलेज लखनऊ द्वारा की गई।संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि 'मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार' ,द्वारा अनाजों की विशेषताओं एवं उपयोगिता का विस्तृत वर्णन किया गया। प्रवक्ता एवं संयोजक डॉ अरविंद कुमार वर्मा द्वारा मोटे अनाजों के प्रोत्साहन हेतु वर्तमान सरकार की नीतियां की जानकारी दी गई। संगोष्ठी का परिणाम निम्नवत रहा–

1)– 'प्रथम स्थान – नौवीं कक्षा की कुमारी शिखा प्रजापति, एस0एस0जे0डी0 इंटर कॉलेज फैजुल्लागंज, लखनऊ'

2– 'द्वितीय स्थान –दसवीं कक्षा की कुमारी तृप्ति रावत ,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलिहाबाद लखनऊ।' मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि आज की जनपदीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता मण्डल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, जिसके तिथि और स्थल की घोषणा जल्द ही संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ0प्रदीप कुमार सिंह द्वारा की जाएगी।

# 'मेरी माटी, मेरा देश'' अभियान का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर – आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अन्तर्गत ''मेरी माटी, मेरा देश'' एवं 'हर घर तिरंगा अभियान का जनपद में धूम–धाम से आयोजन किया गया। ''मेरी माटी, मेरा देश'' अभियान 09 अगस्त, 2023 के तहत पंच प्रण शपथ लेते हुए भारत सरकार की वेबसाइट merimaatimeradesh-gov-in पर सेल्फी (सामूहिक/एकल) अपलोड करते हुए सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पंच प्राण की शपथ दिलाई।पंच प्राण इस प्रकार हैं –अधिक दृढ़ विश्वास और विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ें, गुलामी के किसी भी लक्षण से छुटकारा पाएं, भारत के इतिहास पर गर्व करें, एकता की शक्ति एवं नागरिकों के कर्तव्य। इसी क्रम में मुख्य विकास अधि ाकारी साईं तेजा सीलम की अध यक्षता में विकास भवन के सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

इसी प्रकार जिला सूचना कार्यालय जौनपुर, कार्यालय उपायुक्त उद्योग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, विभिन्न विभागों, सहित जनपद के समस्त तहसील, खंड विकास कार्यालय, ग्राम पंचायतों में भी शपथ दिलाई गई।

# शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर काकोरी काण्ड की वर्षगांठ मनाई गई



उमाकान्त लाला, ब्यूरो चीफ

शाहजहांपुर। जनपद में शुक्रवार की सुबह काकोरी कांड की वर्षगांठ मनाए जाने एवं चौरी चौरा कांड की स्मृति में पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर खिरनी बाग रामलीला मैदान में शहीदों की सलामी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने खिरनी बाग स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पण कर काकोरी कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कीद्य वहीं स्कूली बच्चों तथा एनसीसी कैडेट्स ने भी रैली निकाली द्य डीएम तथा अन्य अधिकारियों ने वीरों को सलामी दी द्य रामलीला मैदान में ही मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी को एक कलश में एकत्र किया गया द्य इस कार्यक्रम में डीएम के साथ जिले के अन्य सभी महत्वपूर्ण अधिकारी गण मौजूद रहेद्य इसके पश्चात डीएम समस्त उपस्थित अधि ाकारियों के साथ शहीद पार्क पहुंचे और वहां पर स्थापित वीरों की मूर्तियों पर माल्यार्पण करने के साथ उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

जिलाधिकारी समस्त अधिकारियों के साथ लगभग 10:30 बजे नगर निगम के बाद टाउन हॉल तिराहा पहुंचे और वहां पर स्थापित वीरों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

इसके पश्चात डीएम श्री सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में तथा सी डी ओ एस बी सिंह के द्वारा विकास भवन परिसर में सभी अधिकारियों को पंच प्रण की शपथ दिलाई ।

# 7570 व्यक्तियों के विरुद्ध हुई कार्रवाई, 90 करोड़ की रिकवरी की गई

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है, जिसका नतीजा ये हुआ है कि प्रदेश में अपराध ाों की संख्या में गुणात्मक सुधार आया है। योगी सरकार साइबर क्राइम को लेकर भी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत कार्य कर रही है। साइबर क्राइम को लेकर जहां भी सूचना मिलती है, वहां पर न सिर्फ केस रजिस्टर किया जाता है बल्कि प्रभावी कार्रवाई को भी अंजाम दिया जाता है। विधानसभा में मंगलवार को एक सवाल के जवाब में सरकार की ओर से इसकी पुष्टि की गई है।

# जिलाधिकारी ने सघन मिशन इंद्र धनुष की जनजागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया



उमाकान्त लाला , ब्यूरो चीफ

शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से संघन मिशन इंद्र धनुष की जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर पुराने जिला अस्पताल में सम्पन्न हुयी। सघन मिशन इन्द्रध ानुष अभियान के अन्तर्गत जनपद में टीकाकरण से वंचित जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चे और गर्भवती महिलाओं का सर्वे करवाकर वंचित बच्चों व महिलाओं को टीके लगाए जाएंगे। मिशन कार्यक्रम तीन राउंड में आयोजित किए जाने हैं । जिसमें पहला राउंड 7 से 12 अगस्त दूसरा राउंड 11 से 16 सितंबर और तीसरा राउंड 9 से 14 अक्टूबर को टीकाकरण हेतु अभियान चलाया जायेगा।

रैली में सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज , राजकीय इंटर कॉलेज , देवी प्रसाद इंटर कॉलेज , मंगल सेन इंटर कॉलेज , इस्लामिया इंटर कॉलेज , एबी रिच इंटर कॉलेज , जनता इंटर कॉलेज , आर्य कन्या , आर्य महिला , सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज आदि के छात्र छात्राओं व स्काउट गाइड के बच्चों ने प्रतिभाग कर मिशन इंद्रधनुष तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान व नियमित टीकाकरण के प्रति लोगो को बैनर , पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया। रैली में व्यापर मण्डल के प्रतिनिधि , आई एम ए तथा आई ए पी के चिकित्सक , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के गौतम जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ पी पी श्रीवास्तव , एस एम ओ कुमार गुंजन यूनिसेफ से हुदा जेहरा डी एच ई आई ओ वीरेन्द्र कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ, हवन एवं भंडारे के साथ सम्पन्न रूरामानुज दास पंडित पुनीत शुक्ल जी महाराज



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। गोमती नगर विनीतखंड– दो के छठ पूजा पार्क में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा हवन यज्ञ एवं भंडारे के साथ संपन्न हुई।नैमिष सीतापुर से पधारे रामानुज दास पंडित पुनीत जी महाराज ने श्रीकृष्ण के 16108 विवाह की कथा सुनाई। इसके बाद सुदामा चरित्र की पावन चर्चा की। अंत में परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाते हुए कथा को विश्राम दिया। हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सात दिवसीय कथा के यजमान एस के पाण्डेय, राणा सिंह, श्याम सिंह, गिरीश सिसोदिया, जगत पांडे, राम जीवन वर्मा, आयुष तिवारी,राय जी आदि रहे। रामानुज दास पंडित पुनीत शुक्ल जी महाराज के सहयोगी पंडित शिवम त्रिपाठी, आनंद तिवारी, सतेंद्र मिश्रा, श्याम जी, आनंद सिंह, मुन्नालाल श्रीवास्तव,योगेंद्र सिंह रहे। आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि छठ पूजा पाठ में पांचवी श्रीमद् भागवत कथा हो रही है। पंडित पुनीत शुक्ल जी महाराज ने कहा कि 108 श्रीमद्भागवत कथा करने का संकल्प लिया है, उसमें 32 वीं कथा हो रही है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए एवं परिवार में संस्कार स्थापित करने के लिए श्रीमद् भागवत कथा निःशुल्क करते रहेंगे।

# महिला सत्संग एवं भजन कीर्तन सम्पन्न



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पानी की टंकी वाला पार्क विराम खंड 5 गोमती नगर में महिला सत्संग एवं भजन कीर्तन सम्पन्न हुआ। भजन कीर्तन में जिन महिलाओं ने हिस्सा लिया उनमें सीमा दुबे, तोशी सिंह,अर्चना मिश्रा, सीमा तिवारी,तारा श्रीवास्तव, गुड़िया, पूजा तिवारी, स्वाति गुप्ता,अंजलि चौहान, नीलम सिंह, संतोष अरोरा आदि प्रमुख रहीं।

## आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज बादशाह नगर लखनऊ में ली गई पंचप्रण की प्रतिज्ञा



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। केंद्र सरकार की ओर से पंचप्रण की जो अवधारणा तय की गई है उसके अनुसार कुल 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया।इसके अंतर्गत विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंग से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना यह वह लक्ष्य हैं जिनको लक्षित करके पंचप्रण की अवधारणा को अंगीकार किया गया है। इसी अवधारणा को ध्यान में रखते हुए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में श्मेरी माटी मेरा देश श्कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त छात्राओं, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्या डा० ममता किरण राव द्वारा अमृत कलश हेतु मिट्टी का संग्रहण कलश में किया गया। विद्यालय परिसर में प्रार्थना के उपरांत छात्राओं द्वारा चंदन है इस देश की माटी...... माटी गीत का सामूहिक गायन भी किया गया ।इसके अतिरिक्त छात्र–छात्राओं द्वारा मुट्ठी में मिट्टी लेकर पंच प्रण की की शपथ भी ली गई। विद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक डॉ दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की सराहना की तथा छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं श्रीमती अर्चना मिश्रा,अर्चना द्विवेदी , सुधा अपर्णा तिवारी भावना मौर्य भावना तिवारी ,मध ुमिता किरण कनौजिया, शशि तिवारी ,शेफाली जैन प्रमिला भारती, जिज्ञासा मिश्रा, स्वप्निल श्रीवास्तव गीता सिंह ,गीता तिवारी नूतन शर्मा , वन्दना दीक्षित भावना जोशी,सीमा सिंह आदि शिक्षिकाओं ने भी हिस्सा लिया।

## 'मंडलायुक्त, आईजी रेंज, डीएम, एसएसपी , सीडीओ, आरटीओ, डीआईओएस ,बीएसए सहित अधिकारियो ने दिलाई पंचप्रण की शपथ

(डॉ अजय तिवारी जिला संबाददाता )

अयोध्या।

'अमृत काल के पंचप्रण'

1. विकसित भारत का लक्ष्य
2– गुलामी के हर अंश से मुक्ति
3– अपनी विरासत पर गर्व
4– एकता और एकजुटता
5– नागरिकों में कर्तव्य की भावना

'मैं शपथ लेता हूँ कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिये हर संभव प्रयास करूंगा।'

'मैं शपथ लेता हूँ कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूँगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूँगा।'



'मैं शपथ लेता हूँ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूँगा।'

# देश की सुरक्षा में गोरखा समाज का विशेष योगदान : राजनाथ सिंह

## 1- रक्षा मंत्री से मिला गोरख प्रतिनिधि मंडल



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। जब–जब देश की सुरक्षा की बात आती है गोरखा समाज के बलिदान को सबसे पहले याद किया जाता है ।प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रथम गोरखा शहीद सेनानी स्वर्गीय दुर्गामल् जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर एक गोरखा प्रतिनिधि ा मंडल ने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर भेंट की।गोरखा कल्याण समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह थापा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधि मंडल ने रक्षा मंत्री को प्रथम गोरखा शहीद सेनानी मेजर दुर्गामल् की पुण्यतिथि पर होने वाले फुटबाल टूर्नामेंट के लिए आमंत्रित किया।साथ ही रक्षामंत्री से लखनऊ में शहीद दुर्गामल् जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की।अध्यक्ष बलराम थापा ने बताया कि गोरखा नायक की प्रतिमा संसद भवन में स्थापित है।रक्षामंत्री ने प्रतिनिधी मंडल को आश्वासन दिया कि इस सम्बंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी और जल्द से जल्द शहीद दुर्गा मल् जी की प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा।

18 वर्ष की आयु में गोरखा राइफल्स में भर्ती दुर्गा मल् देश की आजादी में प्रमुख भूमिका निभाने वाली आजाद हिंद फौज के गठन में एक मजबूत स्तंभ के तौर पर पहचाने जाते हैं। आजाद हिंद फौज के विस्तार में इनके सराहनीय योगदान को देखते हुए इन्हें मेजर के रूप में पदोन्नत किया गया। देश सेवा में अपनी जिंदगी देश पर कुर्बान करने वाले दुर्गा मल् की स्मृति में गोरखा कल्याण समिति अनवरत सामाजिक कल्याण के कार्यों में संलग्न रहती है । जिससे आने वाली पीढ़ी को देश सेवा का संदेश मिलता रहे।

## आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज बादशाह नगर लखनऊ में ली गई पंचप्रण की प्रतिज्ञा



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। केंद्र सरकार की ओर से पंचप्रण की जो अवध ारणा तय की गई है उसके अनुसार कुल 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया ।इसके अंतर्गत विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंग से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना यह वह लक्ष्य हैं जिनको लक्षित करके पंचप्रण की अवधारणा को अंगीकार किया गया है। इसी अवधारणा को ध यान में रखते हुए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में श्मेरी माटी मेरा देश श्कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त छात्राओं, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्या डा० ममता किरण राव द्वारा अमृत कलश हेतु मिट्टी का संग्रहण कलश में किया गया। विद्यालय परिसर में प्रार्थना के उपरांत छात्राओं द्वारा चंदन है इस देश की माटी......श्माटी गीतष का सामूहिक गायन भी किया गया ।इसके अतिरिक्त छात्र–छात्राओं द्वारा मुट्ठी में मिट्टी लेकर पंच प्रण की की शपथ भी ली गई। विद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक डॉ दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की सराहना की तथा छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं श्रीमती अर्चना मिश्रा,अर्चना द्विवेदी , सुधा अपर्णा तिवारी भावना मौर्य भावना तिवारी ,मधुमिता

किरण कनौजिया, शशि तिवारी ,शेफाली जैन प्रमिला भारती, जिज्ञासा मिश्रा, स्वप्निल श्रीवास्तव गीता सिंह ,गीता तिवारी नूतन शर्मा , वन्दना दीक्षित भावना जोशी,सीमा सिंह आदि शिक्षिकाओं ने भी हिस्सा लिया।

## अमृत रथ यात्रा को आज पर्यटन मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

संवाददाता

लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी परिसर गोमतीनगर में कल 09 अगस्त को अपराह्न 03 बजे रेडियो जयघोष के प्रथम स्थापना दिवस एवं अमृत रथ यात्रा का शुभारम्भ किया जायेगा। इस यात्रा का शुभारम्भ प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा किया जायेगा। अतुल द्विवेदी निदेशक लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान ने बताया कि यह यात्रा 09 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित होगी। इस रथ यात्रा के माध्यम से लेजर शो, सेल्फी प्वाइंट, लाइब म्यूजिकल बैंड एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जायेंगे। यह बस यात्रा प्रदेश के 21 जिलों में संचालित होगी।

# मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अन्तर्गत 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में सम्पन्न हुआ पंच प्रण सपथ समारोह



अयोध्या। 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सवश के समापन समारोह के अंतर्गत श्मेरी माटी, मेरा देशश एवं श्हर घर तिरंगा–2023 अभियान के सफल क्रियान्वयन व पूर्ण उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पूर्ण देश में उत्सवी ढंग से मनाया गया।इस मौके पर वाहिनी सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस के निर्देशन में सहायक सेनानायक अरुण कुमार सिंह द्वारा वाहिनी मुख्यालय में जनध सहभागिता सुनिश्चित करते हुए समस्त जवानों को अमृत काल के पंच प्रण की सपथ दिलाई गई।अमृत महोत्सव समापन कार्यक्रम की श्रृंखला में श्मेरी माटी मेरा देशश अभियान के बृहद प्रचार–प्रसार व जन जागरूकता के दृष्टिगत पंच प्रण के मुख्य बिंदुओं में विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिये हर संभव प्रयास करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व एवं इसके उत्थान के लिए हमेशा क्रियाशील रहने, देश की एकता व अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए सदैव प्रयासरत रहने एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करने व देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहने आदि की भावना से जन मानस को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। पंचप्रण शपथ कार्यक्रम में वाहिनी शिविरपाल अजय प्रताप सिंह, सहायक शिविरपाल विंध्यवासिनी पांडेय, सूबेदार मेजर गोपाल जी दुबे, सहित वाहिनी के अन्य समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण किया।

# रामेश्वरम की यात्रा कर लौटे अभिषेक सावंत का अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान ने किया स्वागत



अयोध्या।115 दिन में अयोध्या से रामेश्वरम की यात्रा कर अयोध्या वापसी पर अभिषेक सावंत का जहां एक ओर जगह–जगह स्वागत किया गया वही इसी कड़ी में अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान ने रीडगंज चौराहे पर उनका जोरदार स्वागत किया।बताते चलें वे कि राम वन गमन मार्ग होते हुए रामेश्वरम तक की यात्रा साइकिल से पूरा करने का प्रण लेकर निकले अयोध्या के अभिषेक सावंत ने 115 दिनों में अपनी यात्रा पूरी कर ली।लगभग सात राज्यों की यात्रा साइकिल से पूरी करने के बाद अयोध्या पहुंचे सावंत काफी उत्साहित दिखे।मालूम हो कि बुधवार को गृह जनपद वापसी पर उनका जगह–जगह स्वागत हुआ। बस स्टेशन पर उतरते ही युवाओ ने उनको माला पहना कर अभिनंदन किया।उसके बाद उनका रिकाबगंज चौराहे पर भी स्वागत हुआ।स्वागत की इसी कड़ी में ही अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान की टीम ने रीडगंज चौराहा पर अभिषेक सावंत का जोरदार स्वागत किया।संगठन के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि अभिषेक ने अयोध्या के साथ–साथ पूरे देश में अपने समाज का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अभिषेक सावंत को अपने सपने पूरे करने के लिए जिस भी मदद की जरूरत पड़ेगी उसके लिए संस्थान की टीम सदैव खड़ी रहेगी। स्वागत से अभिभूत अभिषेक ने बताया कि वे बजरंग बली के दरबार में माथा टेकने के बाद रामलला के दर्शन पूजन एवं पावन सलिला सरयू मां के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित करेंगे।स्वागत करने वालों में दिलीप श्रीवास्तव,सुरेंद्र श्रीवास्तव,अभय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, जय प्रकाश श्रीवास्तव, देश दीपक जौहरी, अनिल श्रीवास्तव राजू, शिखर श्रीवास्तव, इंदु भूषण पांडे पत्रकार, तेजेंद्र सिंह पिंकी, पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर नारायण श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा के नगर अध्यक्ष मुरारी सहाय सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र मणि निषाद अयोध्या पहुंचे

अयोध्या। (डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी अयोध्या पहुंचे निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र मणि का जिला अध्यक्ष डॉ विजय निषाद की अगुवाई में माला पहना कर जोरदार स्वागत किया गया। प्रेस क्लब के सभागार में आहूत बैठक में जिला व ब्लॉक कमेटियों के पदाधिकारियों ने शिरकत की। बैठक में आगामी 16 अगस्त को निषाद पार्टी के स्थापना दिवस, 31 अगस्त को क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट, और 21 नवंबर को विश्व मछुआ दिवस पर प्रदेश में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने पर चर्चा हुई।निषाद पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष श्री निषाद ने बताया कि निषाद पार्टी का गठन 16 अगस्त 2016 को हुआ था, निषाद समाज के उत्थान और राजनीतिक और सामाजिक आरक्षण के मुद्दे समेत मछुआ कल्याण की विचारधारा के साथ पार्टी का गठन हुआ था। आगामी 16 अगस्त को निषाद पार्टी अपना 08वां स्थापना दिवस, महायोगी मत्स्येंद्रनाथ की तपोभूमि और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के गृह जनपद गोरखपुर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर निषाद पार्टी सुप्रीमो की अध्यक्षता में राजधानी लखनऊ में 193 जातियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 नवंबर को विश्व मछुआ दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में निषाद पार्टी बड़ा आयोजन करने करेगी। प्रदेश के मछुआ समाज की आवाज को सहयोगी पार्टी बीजेपी के सामने रखा जाएगा।उन्होंने बताया कि आज सभी कमेटियों की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर सहमति बनी और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

## मेले के आयोजन से गंगा जमुनी तहजीब मजबूत होती हैं - अंकित पांडेय

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के तहसील रुदौली अंतर्गत ग्राम सीवन वाजिदपुर में दादा कुतुब अली शाह के 85 वें उर्स के मौके पर आयोजित मेले के तीसरे दिन की कव्वाली प्रोग्राम का जिले के मशहूर समाजसेवी राजन भैया के पुत्र जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय ने फीता काटकर उद्घाटन किया।इससे पहले उन्होंने दादा मियां की मजार पर माथा टेक कर दुआएं मांगी और सज्जादानशीन मो0 तालिब से आशीर्वाद लिया।अपने संबोधन में अंकित पांडेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से अकीदत श्रद्धा निर्वहन के साथ साथ सामाजिक समरसता, एकता, भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। हमारी गंगा जमुनी तहजीब की विरासत मजबूत होती है। जिसकी झलक भी यहां दिखाई देती है। हमारी जिम्मेदारी है कि आपसी प्यार मोहब्बत, एक दूसरे के आदर सम्मान में कभी कोई कमी ना होने दें। यही पैगाम दादा मियां के आस्ताने से भी हमें मिलता है। जो उनका काम है वह एहले सियासत जाने हमारा काम मोहब्बत है, जहां तक फैले। इस मौके पर ग्राम प्रधान मो0 उस्मान अंसारी, सुधीर गुप्ता,मो0 कसीम, गुड्डू कसौधन, मास्टर उजेर अहमद, राजेश मिश्रा, पूर्व प्रधान शमशू,आमिश अंसारी, शफकतुल्ला नेता, समीउल्ला नेता, सज्जादानशीन मो0 तालिब,आदिल नवाज, साहिबे आलम, सोनू ठाकुर, पत्रकार मुनीर अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सरयू उफान पर, खतरे के निशान से सिर्फ 23 सेमी से भी दूर

अयोध्या। (डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता) नेपाल के बैराजों से पानी छोड़े जाने के बाद सरयू के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है सोमवार को शाम चार बजे जलस्तर खतरे के निशान से महज 23 सेमी भी दूर है हर घंटे जलस्तर में उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है, बढ़ते हुए जलस्तर को देखकर निचले इलाकों में रहने वाले लोगों में दहशत मच गई है।पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश और नेपाल से बैराजों से पौने तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद सरयू नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो गई सेंट्रल वाटर कमीशन की वेबसाइट के अनुसार शाम चार बजे सरयू का जलस्तर 92.550 मीटर दर्ज किया गया था, हर घंटे केंद्रीय जल आयोग द्वारा जलस्तर का अपडेट देखा जा रहा है सरयू नदी में 92.730 मीटर खतरे का निशान है, महज 23 सेमी पानी बढ़ जाने के बाद जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाएगा, पिछली बार भी यही हुआ था। जलस्तर 93 मीटर आने के बाद निचले इलाके डूब गए थे गुप्ताघाट के आस–पास के इलाकों में पानी घुस गया था, पूराबाजार, सोहावल और रुदौली के कई गांवों में पानी घुस गया था पानी घटने के बाद बीमारियों ने वहां अपना घर बसा लिया था।

केंद्रीय जल आयोग के जूनियर इंजीनियर अमन राज के मुताबिक सरयू का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है हालांकि मैं अभी बाहर हूं इसलिए सटीक जानकारी नहीं दे सकता हूं।

# ग्यारह अगस्त को भाकियू निकालेगी ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

अयोध्या। (डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार जनपद इकाई अयोध्या द्वारा 11 अगस्त 2023 को टैक्टर तिरंगा यात्रा निकालकर, कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी अयोध्या को समस्याओं का ज्ञापन सौंपा जाएगाउक्त जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा व जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने बताया कि दर्शन नगर के समीप आचारी का सगरा से ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा शुरू किया जाएगा बीकापुर व मसौधा ब्लाक के ट्रैक्टर हवाई पट्टी पर ,मिल्कीपुर के ट्रैक्टर सब्जी मंडी पर तथा सोहावल व रुदौली के ट्रैक्टर सहादतगंज में मिलेंगे जो काफिले के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और माव प्रधानमंत्री तथा माव मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी अयोध्या को सौंपकर ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा समाप्त किया जाएगा।

# जल निगम के लापरवाही के चलते कार्य से आचार्य नरेंद्र देव वार्ड वासी परेशान

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव वार्ड अयोध्या में जल निगम के द्वारा सीवर निर्माण कार्य के अंतर्गत पूरे वार्ड में अव्यवस्थित तरीके से पाइप डालकर छोड़ दिया गया।

यह नया नहीं, जहां देखिए वहीं रह नजारा देखने को मिलेगा, वहीं जल निगम द्वारा किया जा रहा कार्य सरकार की मनसा के अनरूप भी नहीं हो रहे हैं, 200 मीटर इंटरलॉकिंग रोड बनने में 2 महीने से ज्यादा का समय लगाया जा रहा है उसके बाद भी कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है।इसी मार्ग पर शहर के कई प्रतिष्ठित स्कूल हैं, स्कूल आने जाने वाले छात्र–छात्राओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है तथा कई जनसामान्य जन गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं शायद विभाग को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है आचार्य नरेंद्र देव वार्ड के पार्षद अनूप श्रीवास्तव ने इसकी शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से की लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही नहीं की जा सकी जिससे आम जनता को राहत महसूस हो।पार्षद का कहना है की बार–बार फोन करने पर संबंधित कर्मचारियों द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता है की जल्द ही कार्य पूरा करा दिया जायेगा परन्तु कुछ छोटी रोड़ो की मरम्मत करने के अलावा कोई ठोस काम नही हो सका है।पार्षद अनूप श्रीवास्तव ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या आगमन के दौरान ये बातें मुख्यमंत्री के सम्मुख रखेंगे। कम से कम बरसात के दिनों में संबंधित विभागों के द्वारा ऐसी व्यवस्थाएं की जानी चाहिए जिससे आम जनता को राहत महसूस हो, बरसात के पूर्व छतिग्रस्त रोडो की मरम्मत कर लिया जाना था परंतु बरसात में काम रोक कर मार्ग की स्थिति और भी बेकार हो गई है जिसमें पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है।

## रामपथ को श्रीराम हेरिटेज वॉक के रूप में किया जायेगा विकसित-मण्डलायुक्त।

अयोध्या। मण्डलायुक्त श्री गौरव दयाल ने बताया गया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण एवं अयोध्या संरक्षण समिति द्वारा रामपथ को श्रीराम हेरिटेज वॉक के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रामपथ पर लगभग 100 स्थानों पर भगवान श्रीराम के जीवन से सम्बंधित प्रसंगों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से उच्च श्रेणी की म्यूरल्स (भित्तिचित्र) स्थापित कर एवं अन्य स्थानों पर विभिन्न आर्ट फॉर्म्स अथवा वाल पेंटिंग्स से रामपथ को सुसज्जित करने के साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि श्रीराम हेरिटेज वॉक का अनुभव दर्शनार्थियोंध्पर्यटकों को प्राप्त कराने के लिए अनुभवी एजेंसी को भी इम्पैनल कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि रामपथ को विश्व स्तरीय पथ बनाने के लिए पूर्व से ही सजावट सम्बंधी विभिन्न कार्य यथा–सजावटी आई0ओ0टी0 डिवाइस से लैस स्मार्ट स्ट्रीट लाइट के पोलों, आकर्षक बेंचों तथा आकर्षक फुटपाथ व पथ के दोनों तरफ सजावटी फूलों एवं पौधों के लगाने का कार्य प्रस्तावित है। आने वाले समय में रामपथ के कुछ हिस्सों में वॉकिंग प्लाजा भी विकसित किए जायेंगे।

## पिता द्वारा पुत्र को गोली मारने में आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

अयोध्या। मंगलवार को पारिवारिक विवाद में पिता ने अपने ही पुत्र को गोलियों से भून डाला युवक की गंभीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया आरोपी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। परंतु पुलिस के आरोपी पिता नही लग पाया है।

मालूम हो कि मंगलवार को गोसाईगंज कोतवाली इलाके के टंडौली ग्रामसभा के मजरे केवलापुर निवासी अभिमन्यु तिवारी ने अपने पुत्र सत्य मेघा उर्फ शुभम तिवारी को अवैध तमंचे से गोली मार दी जिसके चलते एक गोली उसके जबड़े में तो दूसरी उसके कंधे पर लगी, घटना के बाद आरोपी पिता मौके से भाग खड़ा हुआ बहन शुभम को लेकर महाराजगंज थाने पहुंची जहां पर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, युवक की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के चिकित्सको ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। एसएचओ संतोष कुमार सिंह के मुताबिक लखनऊ ट्रामा सेंटर में युवक का उपचार चल रहा है। फिलहाल स्थिति खतरे से बाहर है।इस मामले में आरोपी पिता अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

# समाजवादी पार्टी महानगर ने जन पंचायत स्थलों की हुई घोषणा।

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महानगर ने जन पंचायत स्थलों की घोषणा की समाजवादी पार्टी महानगर ने पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर बैठक कर जन पंचायत स्थलों की घोषणा की महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा जन पंचायत के लिए 15 सेक्टर बनाए गए हैं जो इस प्रकार है सेक्टर 1– हनुमान कुंड,,सीता कुंड, वशिष्ट कुंड मे एमजे पैलेस निकट पानी की टंकी सेक्टर 2 – परमहंस रामचंद्र, मणिराम दास छावनी, अशोक सिंघल मे होटल राजा राम पैलेस हाईवे सेक्टर 3 – रामकोट, देवकाली, अभिराम दास, लक्ष्मण घाट में रामप्रिया दास का हाता सिंगार हॉट सेक्टर4– जनौरा, लक्ष्मी सागर, कल्याण सिंह, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेक्टर मे बृजलाल पासी आवास पांडे का पुरवा 5– दर्शन नगर, दशरथ कुंड, सरदार पटेल नगर मे मोहबरा बाजार सेक्टर 6 – चौधरी चरण सिंह, पंडित दीनदयाल, झलकारी बाई मे आर पी पैलेस के पास परिक्रमा मार्ग सेक्टर 7 – कर्पूरी ठाकुर, पुरुषोत्तम नगर मे राकेश पांडे के आवास मलिकपुर सेक्टर 8 – अवैध नाथ, साकेत नगर, देवकाली, महात्मा गांधी, अवधपुरी सेक्टर 9 – आचार्य नरेंद्र देव, अमानीगंज, राम मनोहर लोहिया, शहीद अब्दुल हमीद में कल्याण मंडप रोहिणी कॉलोनी बहादुरगंज सेक्टर 10 – महाराणा प्रताप, सरदार भगत सिंह, सावरकर नगर, लाला लाजपत नगर, कृष्णा नगर, गायत्री नगर अब्बू सराय सेक्टर 11 – अटल नगर, हनुमत नगर, कौशलपुरी, संत रविदास मे पार्षद कार्यालय हनुमत नगर वार्ड सेक्टर 12 – निषाद राज, पाटेश्वरी नगर, अंबेडकर वार्ड, विक्रमादित्य नगर सेक्टर 13 – चंद्रगुप्त नगर, चंद शेखर, नानक पुरा, अग्रसेन नगर नानक पुरा गुरुद्वारा जसवीर सिंह सेठी सेक्टर 14 – कबीर नगर, अश्वनी पुरम, पार्वती मैरिज लान देवकाली चौराहा सेक्टर 15 – सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, झारखंडी, अशफाक उल्ला खा, जयप्रकाश नारायण सेक्टर 16 – महानगर महिला सभा महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल के निवास देवकाली महानगर पर आयोजित किया गया है महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहां सभी सेक्टरों में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जन पंचायत को सफल बनाने के लिए कहा गया है।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रामलीला मैदान नई दिल्ली में होने वाले सम्मेलन की तैयारी को लेकर संयुक्त प्रेस वार्ता की गई।

अयोध्या। रामलीला मैदान नई दिल्ली में होने वाली पुरानी पेंशन बहाली मंच एवं एनजेसीए (नेशनल ज्वाइंट काउंसिल फॉर एक्शन) के संयुक्त बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली हेतु आयोजित विशाल महारैली की तैयारी को लेकर अयोध्या के कृष्णा पैलेस सभागार में की गई संयुक्त प्रेस वार्ता में अश्वनी तिवारी ष्लालूष्मंडल उपाध्यक्ष रेलवे द्वारा बताया गया कि व जनपद अयोध्या से हजारों राज्य कर्मचारी, शिक्षक, रेलवे कर्मचारी एवं विभिन्न संगठन के कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। रेलवे एवं बसों के माध्यम से कर्मचारी एवं शिक्षक दिल्ली के लिए कूच करेंगे। पुरानी पेंशन की बहाली तक कर्मचारी चुप बैठने वाले नहीं है ।अपनी माँग पुरानी पेंशन के लिए क्रमबद्ध आंदोलन के तहत पूरे देश के कर्मचारी रामलीला मैदान में एकत्रित हो रहे हैं, जहां से सरकार को पेंशन बहाल करने के लिए मजबूर करेंगे।पुरानी पेंशन सेटर राज्य कर्मचारियों को कुछ और मंजूर नहीं।प्रेस वार्ता में राजकुमार मिश्रा आयकर विभाग ,डॉक्टर संजय सिंह जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, उदय सिंह यादव मंडल अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ,डॉ राजेश कुमार सिंह कार्यकारी,राम प्रकाश सिंह जिला मंत्री , डेनियल भारती प्रवक्ता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ,रंजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। अयोध्या के समस्त कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष मंत्री एवं कार्यकारिणी के सदस्यों साधारण सदस्यों शिक्षक संगठनों प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक संगठन तथा सेवानिवृत्त साथियों से अपील डॉ राजेश कुमार सिंह ,डॉक्टर, संजय सिंह एवं राजकुमार मिश्रा द्वारा अपील की गई। कि अपने बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन की लड़ाई केंद्रीय और प्रदेश कर्मचारियों द्वारा पूरे भारतवर्ष के कर्मचारियों शिक्षक लामबंद होकर दिल्ली के रामलीला मैदान में अपनी शक्ति का प्रदर्शन दिनांक 10 अगस्त 2023 को करेंगे। वही सभी संगठन के लोगों से लोगों से अपील किया है। कि आप अपने हित को ध्यान में रखते हुए 10 अगस्त 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कर्मचारी संगठनों के हाथों को मजबूत करने में अपना योगदान करें संगठन आपका सदेव आभारी रहेगा और आपकी सभी की लड़ाई के लिए तत्पर रहेगा।

# अवध विवि की बीएड व एमएड की मुख्य परीक्षा शुरू

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के 133 केन्द्रों पर बीएड व एमएड की मुख्य परीक्षा दो पालियों में शुरू हुई। इसके अलावा एनईपी स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा सात जनपदों के 464 केन्द्रों पर हुई। मंगलवार को विश्वविद्यालय की परीक्षा में 77 हजार 214 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1101 अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पारदर्शीपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ द्वारा आवासीय परिसर के केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके अतिरिक्त सचलदल द्वारा सम्बद्ध महाविद्यालयों के परीक्षा केन्द्रों की सघन तलाशी ली गई एवं सीसीटीवी कैमरे के संचालन को परखा। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा में 38 हजार 432 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 724 अनुपस्थित रहे। वही द्वितीय पाली की परीक्षा में 38 हजार 782 में से 377 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है।

# जाना बाजार में अपराधियों व अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी तीसरी आंख - मोहम्मद अरशद


अयोध्या।(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता) । जाना बाजार क्षेत्र में बेखौफ घूम रहे उपद्रवियों अपराधियों की अब खैर नहीं होगी।गली चौराहा बाजारों में लगे सीसीटीवी कैमरों की नजरों से अब वह बच नहीं सकते। उनकी सरेराह की सारी गतिविधियां कैमरों में कैद होगी।क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों को रोकने के साथ पुलिस ने अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करने का मन बना लिया है।इसलिए इसे चुनौतीपूर्ण अभियान के रूप में पुलिस ने हैदरगंज क्षेत्र में अब तक सैकड़ों स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवा चुकी है।क्षेत्र में चल रहे सीसीटीवी कैमरे लगवाने के अभियान की जानकारी देते हुए हैदर गंज थाने के प्रभारी मोहम्मद अरशद ने बताया की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ उपद्रवियों, उच्चको के अलावा विभिन्न तरह की सरे राह चलते अपराधिक गतिविधियों का अंजाम देने वालों के खिलाफ त्वरित सख्त कार्यवाही करने के लिए क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे अभियान के तौर पर लगाए जा रहे हैं। जिस के क्रम में अब तक बेरूगंज बाजार ,गौहानी ,रखौना, कुआ डांड, केरालाल खा, हैदरगंज, सिहोरिया ,बैती कला, थरिया कला, जाना बाजार सहित क्षेत्र के चौराहों ,छोटी बड़ी बाजारों की गलियों के अलावा गांव की सड़कों पर मौजूद दुकानों पर अब तक लगभग 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। इसमें विशेष रूप से क्षेत्र के व्यवसायियों ,सामाजिक कार्यकर्ताओं ,ग्राम प्रधानों के अलावा स्थानीय बीट के दरोगा और पुलिस की अहम भूमिका रही है। जिनके सहयोग से यह अभियान अपने सफलता को पाने में कामयाब है।और आगे भी प्रयास जारी है।

## योगी के मंत्री बोले, अहीरों का काम जानवर पालना

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र शुरू है। आज विधानसभा सत्र का दूसरा दिन है। विधानमंडल के मानसून सत्र में पहले दिन समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने मणिपुर हिंसा का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने आवारा पशुओं के मुद्दे को प्रमुखता से रखा था।

## लखनऊ जनपद की विज्ञान संगोष्ठी ने बनाया प्रतिभागिता का रिकश्वर्ड,आज तक के इतिहास में लखनऊ जनपद से सर्वाधिक 70 माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों ने लिया हिस्सा



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2023 राजकीय जुबली इंटर कॉलेज लखनऊ परिसर में संपन्न हुई जिसमें 70 रिकॉर्ड संख्या में विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी का विषय – श 'श्री अन्न ,एक मूल्य वर्धित पौष्टिक अथवा भ्रांति आहार' श था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार के निर्देशन में धीरेंद्र मिश्र, प्रधानाचार्य, राजकीय जुबली इंटर कॉलेज लखनऊ द्वारा की गई।संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि 'मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार' ,द्वारा अनाजों की विशेषताओं एवं उपयोगिता का विस्तृत वर्णन किया गया। प्रवक्ता एवं संयोजक डॉ अरविंद कुमार वर्मा द्वारा मोटे अनाजों के प्रोत्साहन हेतु वर्तमान सरकार की नीतियां की जानकारी दी गई। संगोष्ठी का परिणाम निम्नवत रहा– 1)– 'प्रथम स्थान – कुमारी शिखा प्रजापति, एस0एस0जे0डी0 इंटर कॉलेज फैजुल्लागंज, लखनऊ'

2– 'द्वितीय स्थान – कुमारी तृप्ति रावत ,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलिहाबाद लखनऊ।'

मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि आज की जनपदीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता मण्डल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, जिसके तिथि और स्थल की घोषणा जल्द ही संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ0प्रदीप कुमार सिंह द्वारा की जाएगी।

## श्रीराम हेरिटेज वाक के रूप में विकसित किया जाएगा राम पथ

(डॉ अजय तिवारी जिला संबाददाता )

अयोध्या ।सहादतगंज से नया घाट तक 13 किमी बन रहा है राम पथ, राम पथ पर लगभग 100 स्थानों पर भगवान श्री राम के जीवन से संबंधित प्रसंगों को किया जाएगा प्रदर्शित,विभिन्न आर्ट फॉर्म्स व वॉल पेंटिंग से राम पथ को सुसज्जित करने का निर्णय, अनुभवी एजेंसी को कराया जाएगा इंपैनल, आईओटी डिवाइस से लैस स्मार्ट स्ट्रीट लाइट से राम पथ होगा सुसज्जित, फुटपाथ व पथ के दोनों तरफ फूल और पौधों के लगाने का कार्य प्रस्तावित, आने वाले समय में राम पथ के कुछ हिस्सों में वाकिंग प्लाजा भी किए जाएंगे विकसित।

हिन्दी सान्ध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।